## VIACOM18-DISNEY STAR MERGER ON SCHEDULE

Reliance Industries has announced that the merger between Viacom18 and Disney Star's India operations is anticipated to conclude by the third quarter of the current fiscal year, following the transfer of Viacom18 and JioCinema's media operations to Digital18. This will be followed by the demerger, transfer, and vesting of the V18 Undertaking from Digital18 into Star India.




Previously, the NCLT sanctioned the merger of Reliance-controlled media entities TV18 Broadcast and E18 with Network18 Media & Investments. Additionally, the Ministry of Information and Broadcasting granted license transfers for Non-News & Current Affairs TV channels held by Viacom18 to Star India on September 27. This reorganization allows Reliance and Disney to align Viacom18 and Star India's media operations to compete effectively in the Indian market, where Reliance will own a 63.16% stake in the new entity, and Disney will hold the remaining 36.84%.

## TRAI FOCUS ON NON-SATELLITE BROADCASTING

The Telecom Regulatory Authority of India (TRAI) has released a consultation paper on the "Regulatory Framework for Ground-based Broadcasters," inviting feedback on non-satellite broadcasting technologies. TRAI is considering a regulatory framework that would allow broadcasters to distribute content via terrestrial networks, expanding options beyond traditional satellite-based distribution.




Stakeholders are invited to submit comments by November 15, with counter-comments accepted until November 29.

## ZEEL FOCUSES ON ENTERTAINMENT

ZEEL's MD & CEO Punit Goenka stated that the

## तय समय पर पूरा होगा वायकॉम18-डिज्नी स्टार विलय

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने घोषणा की है कि वायकॉम 18 और डिज्नीस्टार के भारत संचालन के बीच विलय चालू वित्तवर्ष की तीसरी तिमाही तक पूरा होने की उम्मीद है जिसकए बाद वायकॉम 18 और जियो सिनेमा के मीडिया परिचालन को डिजिटल 18 में स्थानांतरित कर दिया जायेगा। इसके बाद डिजिटल 18 से वी 18 उपक्रम का विभाजन, हस्तांतरण और स्टार इंडिया में निहितीकरण होगा।

इससे पहले एनसीएलटी ने रिलायंस द्वारा नियंत्रित मीडिया इकाइयों टीवी18 ब्रॉडकास्ट और ई18 के नेटवर्क 18 मीडिया एंड इन्वेस्टमेंट के साथ विलय को मंजूरी दी थी। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 27 सितंबर को स्टार इंडिया को वायकॉम 18 द्वारा रखे गये गैर समाचार और समसामयिक मामलों के टीवी चैनलों के लिए लाइसेंस हस्तांतरण की अनुमति दी। यह पुर्नगठन रिलायंस और डिज्नी को भारतीय बाजार में प्रभावी रूप से प्रतिस्पर्धा करने के लिए वायकॉम 18 और स्टार इंडिया के मीडिया संचालन को संरेखित करने की अनुमति देता है, जहां रिलायंस के पास नयी इकाई में 63.16% हिस्सेदारी होगी और डिज्नी के पास शेष 36.84% हिस्सेदारी होगी।

## नॉन सैटेलाइट प्रसारण पर ट्राई की नजर

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने 'ग्राउड आधारित प्रसारकों के लिए विनियामक ढ़ांचे' पर एक परामर्श पत्र जारी किया है जिसमें नॉन सैटेलाइट प्रसारण तकनीकियों पर प्रतिक्रिया आमंत्रित की गयी है। ट्राई एक विनियामक ढ़ांचे पर विचार कर रहा है जो प्रसारकों को स्थलीय नेटवर्क के माध्यम से सामग्री वितरित करने की अनुमति देगा, जिससे पारंपरिक सैटेलाइट आधारित वितरण से परे विकल्पों पर विस्तार होगा। हितधारकों को 15 नवंबर तक टिप्पणियां प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया है जबकि प्रति टिप्पणियां 29 नवंबर तक स्वीकार की जायेंगी।

## जेडईईएल का ध्यान मनोरंजन पर

जेडईईएल के एमडी और सीईओ पुनीत गोयनका ने कहा कि

SCAT NEWS

स्कैट समाचार

Viacom18-Star merger does not significantly affect ZEEL's competitive stance, as the company's strategy remains focused on entertainment, distinct from the sports-centric focus of Viacom18-Star's digital operations. ZEEL's subscription revenue saw a notable increase this quarter, although ad revenues dipped.

वायकॉम 18–स्टार विलय से जेडईईएल के प्रतिस्पर्धा रूख पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि कंपनी की रणनीति मनोरंजन पर केंद्रित है जो वायकॉम 18–स्टार के डिजिटल संचालन के खेल केंद्रित फोकस से अलग है। इस तिमाही में जेडईईएल के सब्सक्रीप्शन राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गयी, हालांकि विज्ञापन राजस्व में गिरावट आयी है।

## VIACOM18 AND SONY PICTURES NETWORKS INDIA APPOINTMENTS

Viacom18 has appointed Charuta Ambardekar Saoji as VP and Head of Marketing for Colors, drawing on her extensive experience with brands like L'Oréal and Unilever. Meanwhile, Sony Pictures Networks India has announced that Ambesh Tiwari will succeed Leena Lele Dutta as Business Head of the Kids and Animation portfolio.




## वायकॉम 18 और सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया की नियुक्तियां

वायकॉम 18 ने चारूता अंबेदकर साओजी को कलर्स का उपाध्यक्ष और मार्केटिंग प्रमुख नियुक्त किया है जो लोरियल और यूनिलीवर जैसे ब्रांडों के साथ उनके व्यापक अनुभव का लाभ उठाती हैं। इस बीच सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया ने घोषणा की है कि अंबेश तिवारी किड्स और एनिमेशन पोर्टफोलियो के बिजनेस हेड के रूप में लीना लेले दत्ता की जगह लेंगे।

## NDTV GLOBAL CHANNEL, EXPANDS TO KEY MARKETS


NDTV launched its new global channel, NDTV World, on October 21, 2024. Available in the USA, Canada, the UK, UAE, and India, NDTV World will bring an Indian perspective to international news audiences. This marks NDTV's expansion into a second international channel, positioning it alongside Zee Media's WION.

## प्रमुख बाजारों में अपना विस्तार एनडीटीवी ग्लोबल चैनल

एनडीटीवी ने 21 अक्टूबर 2024 को अपना नया ग्लोबल चैनल एनडीटीवी वर्ल्ड लॉन्च किया। यूएसए, कनाडा, यूके, यूएई और भारत में उपलब्ध, एनडीटीवी वर्ल्ड अंतरराष्ट्रीय समाचार दर्शकों के लिए भारतीय दृष्टिकोण लेकर आयेगा। यह एनडीटीवी के दूसरे अंतरराष्ट्रीय चैनल के रूप में विस्तार को चिन्हित करता है, जो इसे जी मीडिया के WION के साथ स्थान देता है।

## GOVT TO FOCUS ON AI, OTT REGULATION, AND FAKE NEWS

The Indian Parliamentary Committee on Communications and Information Technology will evaluate mechanisms to curb fake news, assess the impacts of artificial intelligence, and consider OTT regulation. The committee will also oversee the functions of the Ministries of Information and Broadcasting, Electronics and Information Technology, and Communications in these areas. ■



## सरकार एआई, ओटीटी विनियमन और फर्जी खबरों पर ध्यान केंद्रित करेगा

संचार और सूचना तकनीकी पर भारतीय संसदीय समिति फर्जी खबरों पर अंकुश लगाने, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के प्रभावों का आकलन कने और ओटीटी विनियमन पर विचार करने के लिए तंत्र का मूल्यांकन करेगी। समिति इन क्षेत्रों में सूचना और प्रसारण इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्रालयों के कार्यो की भी देखरेख करेंगी। ■